D–2 (Digital Nodal Centres)

संख्या–660/सत्तर–3–2023–08(21)/2022

प्रेषक,

डा0 सुधीर एम0 बोबडे,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. **निदेशक,**
उच्च शिक्षा उ0प्र0
प्रयागराज।

2. **कुलसचिव,**
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

उच्च शिक्षा अनुभाग–3 **लखनऊ : दिनांक 02 मार्च, 2023**

विषय :राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के परिप्रेक्ष्य में भारत सरकार द्वारा निर्धारित 18 Actionable points के बिन्दु संख्या D-2 (Digital Nodal Centres) के अनुरुप आनलाईन शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये Digital Nodal Centres स्थापित किये जाने के सम्बंध में ।

महोदय,

अवगत कराना है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति– 2020 के परिप्रेक्ष्य में भारत सरकार द्वारा निर्धारित 18 Actionable points के बिन्दु संख्या D-2 (Digital Nodal Centres) के अनुरूप आनलाईन शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये प्रदेश स्थित उच्च शिक्षा विभाग के अन्तर्गत समस्त विश्वविद्यालय/महाविद्यालयों में Digital Nodal Centres स्थापित किये जाने हैं, जिससे विद्यार्थियों द्वारा सुगमता से यू.जी.सी. नियमानुसार मान्यता प्राप्त संस्थानों/SWAYAM/NEPTEL/NIELIT/vLab आदि के आनलाईन कोर्स/पेपर का अध्ययन कर नियमानुसार क्रेडिट का लाभ प्राप्त किया जा सके।

2– इस सम्बन्ध में कृपया अपने से सम्बन्धित उच्च शिक्षण संस्थान में Digital Nodal Centres स्थापित किये जाने हेतु एक **नोडल अधिकारी–आनलाईन शिक्षा** नामित करने का कष्ट करें तथा अपने क्षेत्राअन्तर्गत आने वाले समस्त महाविद्यालयों को भी उक्त के लिये नोडल अधिकारी नामित करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें। उक्त नोडल अधिकारी सम्बन्धित उच्च शिक्षण संस्थान में आनलाईन क्रेडिट हस्तानांतरण हेतु राज्य नीति के अनुरूप विद्यार्थियों के आनलाईन क्रेडिट हस्तानांतरण को सुनिश्चित करायेंगे।

उक्त के अतिरिक्त प्रश्नगत नोडल अधिकारी आनलाईन शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये विश्वविद्यालय/महाविद्यालयों में आनलाईन जागरुकता अभियान चला कर विद्यार्थियों को आनलाईन कोर्स/पेपर एवं क्रेडिट हस्तानांतरण के सम्बंध में जानकारी उपलब्ध करायेंगे।

3– कृपया उपरोक्तानुसार नामित विश्वविद्यालय/महाविद्यालयों के नोडल अधिकारी–आनलाईन शिक्षा का विवरण (Excel sheet- Name, Contact number, email id, Designation, HEI name) प्रो. दिनेश चन्द्र शर्मा, नोडल अधिकारी–आनलाईन शिक्षा, उच्च शिक्षा विभाग को ईमेल (dr_dineshsharma@hotmail-com) पर एक सप्ताह में प्रेषित कर इसकी सूचना शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,
02/3/23
(डा0 सुधीर एम0 बोबडे)
प्रमुख सचिव।

NANIG.O

Scanned with OKEN Scanner

संख्या– 660 (1)/सत्तर–3–2023–तद्‌दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– कुलपति, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उ0प्र0।

2– अपर सचिव, उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्तानुसार वांछित सूचनायें संकलित करते हुए समेकित सूचना उच्च शिक्षा अनुभाग–3 को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

3– समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0।

4– प्रो0 दिनेश चन्द्र शर्मा, कु0 मायावती राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर को इस आशय से प्रेषित कि कृपया शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या–4362/सत्तर–3–2022–08(21)/2022, दिनांक 29.12.2022 के क्रम में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(गिरिजेश कुमार त्यागी)
विशेष सचिव।

महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com

Website: www.msdsu.ac.in

पत्रांक– 1215/कु0का0/2023 दिनांकः–05/03/2023

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. निदेशक उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश प्रयागराज।
3. प्राचार्य/प्राचार्या समस्त महाविद्यालय सम्बद्ध महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्तानुसार शासनादेश के अनुपालन में महाविद्यालयों में Digital Nodal Centers स्थापित किये जाने हेतु एक नोडल अधिकारी– आनलाईन शिक्षा नामित कर उनका विवरण संलग्न प्रोफार्मा (Excel Sheet) में भरकर अधोहस्ताक्षरी के ईमेल registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com पर अनिवार्य रूप से प्रेषित करने का कष्ट करें।

College code	Name	Contact Number	email Id	Designation	HEI Name

भवदीय

(श्री वी0पी0 कौशल)
कुलसचिव